
हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 मुलताई की धरती पर हलचल सप्ताह में दो बार...




07 गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का हंगामा...



## खबर संक्षेप

### पुलिस विभाग में तबादले: दो महिला इंस्पेक्टर मिली

**नर्मदापुरम।** जिले में पुलिस विभाग में तबादले किए गए हैं। गुरुवार रात को सूची जारी की गई है इसमें नर्मदा पुरम जिले के पांच निरीक्षकों का तबादला किया गया है। इनमें से चार थाना प्रभारी शामिल हैं। केसला थाना प्रभारी मदन पवार, सिवनी मालवा थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, महिला थाना प्रभारी हेमलता मिश्रा और अनूप कुमार उइके शामिल हैं। वहीं श्रीनाथ झरबडे को भी भोपाल भेजा गया है। अनूप कुमार का पुलिस मुख्यालय प्रशासन शाखा में तबादला किया गया है। वहीं जिले को दो नई थाना प्रभारी इनमें सुरेखा निमोदा और राखी मौर्य मिली है।

### अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकरण 10 तक

**नर्मदापुरम।** अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की पूर्व में तिथियाँ 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढाकर 10 अप्रैल 2026 तक कर दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियाँ 01 जून से 15 जून 2026 हैं।

## वर्षों के प्रॉपर्टी विवाद और हाल के मामूली विवाद में भांजे ने मामा को उतारा मौत के घाट

# हत्या : राठी कालोनी में सनसनीखेज हत्याकांड से शहर में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की सड़के एक बार फिर खून से रंग गई। वार्ड नंबर 33 स्थित राठी कॉलोनी में गुरुवार रात एक सनसनीखेज हत्याकांड का मामला सामने आया है। जहां एक नाबालिग भांजे ने अपने ही मामा को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं हत्या का कारण महज घर की बेल (घंटी) बजाने जैसी छोटी सी बात निकलकर सामने आ रही है। हालांकि मामला प्रॉपर्टी विवाद से भी जुड़ा हुआ बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राठी कॉलोनी स्थित साईं किराना स्टोर के पीछे रहने वाले मामा जागेलाल वर्मा (47 वर्ष) और आरोपी भांजा के बीच विवाद हुआ। मृतक की पत्नी मंजू वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे आनंद को घर की बेल बजाने को लेकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। जब जागे लाल वर्मा और उनकी पत्नी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया। आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकाला और जागे लाल की जांघ और कमर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल जागे लाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**घायल जागे लाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला विवेचना में ले लिया है।**

**खास बातें**

- दोनों परिवारों में पहले से था प्रापर्टी को लेकर विवाद।
- गाली गलौज से शुरू हुआ मामला हत्या तक जा पहुंचा।



### नाबालिग आरोपी

पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग है तथा मृतक और आरोपी साथ में वेंडर का काम करते हैं।

### पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने बताया कि मंजू वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने रात करीब 3 बजे आरोपी खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आसपड़ोस के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि इस घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

### चाकू की उपलब्धता, जिंदगियों पर संकट

शहर में आए दिन चाकूबाजी की वारदातें निकलकर सामने आती है। न्यास कॉलोनी के झुग्गी बस्ती में जयदीप उर्फ बंटा भाट की हत्या को अभी एक महीना भी नहीं हुआ और ये दूसरी हत्या की वारदात हो गई। बंटा कि हत्या में भी चाकुओं से दर्जनों वार किए गए थे। शहर में होने वाले अधिकतर विवादों में स्टेशन पर काम करने वाले लगभग सभी लोगों के पास चाकू की उपलब्धता आसानी से होती है। जिसे मामूली विवाद में भी ये लोग उपयोग करने से नहीं चूकते। यही छोटे छोटे विवाद कई बार हत्या जैसी स्थितियों में बदल जाते हैं। पुलिस को शहर में चाकुओं की खरीदी बिक्री पर कार्य करने की आवश्यकता है।

### मामा भांजे के बीच प्रॉपर्टी विवाद का एंगल

आरोपी, जागेलाल का भांजा है जो लंबे समय से अपनी मां के साथ यही रह रहा है। दोनों मामा भांजे स्टेशन पर वेंडर है। घर में नीचे वाले फ्लोर पर मृतक जागेलाल वर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं वहीं आरोपी और उसकी मां ऊपर के फ्लोर पर। तात्कालिक रूप से हत्या का कारण मृतक के बच्चे का बेल बजाना बताया गया है लेकिन दूसरी ओर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल आ रहा था। मृतक ओर हत्यारा जिस घर में रह रहे हैं उस घर के मालिकाना हक को लेकर भी लंबे समय से दोनों के बीच विवाद होता रहा है। गुरुवार रात इसी विवाद ने भयावह रूप ले लिया जो एक जिंदगी खत्म कर बैठा।

## जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर बदमाश गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिटी पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर आदतन अपराधी और बदमाश शिवा उर्फ डॉन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जितेंद्र पाठक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक व्यक्तियों की आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से लगातार कार्यवाही कर रही है।

ज्ञात हो कि न्यायालय जिला दंडाधिकारी, नर्मदापुरम के द्वारा शिवा उर्फ डॉन उर्फ अनूप मेषकर पिता रामचरण मेषकर उम्र 32 वर्ष नि कुचबंदिया मोहल्ला नर्मदापुरम को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क), 5(ख) के अंतर्गत नर्मदापुरम एवं सीमावर्ती जिले की राजस्व से 01 वर्ष के अवधि के लिए निष्काषित किया जाने संबन्धित आदेश पारित किया गया था। 1-2 अप्रैल की दरम्यानी रात मे पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की शिवा डॉन उर्फ अनूप मेषकर, उसके घर पर आया हुआ है एवं किसी संज्ञेय अपराध को घटित कर सकता है, जिससे थाना कोतवाली नर्मदापुरम क्षेत्र की शांति भंग हो सकती है।

उक्त सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शिवा के घर पर दबिश दी गयी, जिस पर अनावेदक के परिजनो द्वारा उसके घर के तलाशी देने पर आना-कानी करने लगे। मौके का फायदा उठाकर शिवा अपने घर के अंदर बनी खिड़की से कूदकर भाग गया। आरोपी शिवा की तलाश हेतु टीम को रवाना किया गया जिसमें तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी शिवा को मंगलवारा बाजार भोपाल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## राजेंद्र सिंह ठाकुर पुनः भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग में महत्वपूर्ण फेरबदल के तहत मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने नई टीम की घोषणा की है। इस सूची में नर्मदापुरम के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर को एक बार फिर प्रदेश प्रवक्ता की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि सिंधिया समर्थक माने जाने वाले ठाकुर पूर्व में भी इस दायित्व का सफल निर्वहन कर चुके हैं। संगठन ने उनके अनुभव, सक्रियता और प्रभावी संवाद शैली को देखते हुए पुनः यह जिम्मेदारी देकर विश्वास जताया है।

उनकी नियुक्ति पर जिले सहित प्रदेशभर के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**इटारसी।** ग्राम सोमलवाड़ा कलां में मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जितेन्द्र सिंह राजपूत 45 वर्ष, पिता जीवन सिंह राजपूत, निवासी ग्राम सोमलवाड़ा कलां के साथ गांव के ही आरोपी मोंटी राजपूत ने विवाद किया। फरियादी का आरोप है कि आरोपी मोंटी राजपूत ने उन्हें गालियां दीं। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने डंडे से उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## अवैध कटाई मामला: वनरक्षक और चौकीदार से अभद्रता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ बानापुरा चिंचवानी क्षेत्र में अवैध कटाई को लेकर वन मंडला अधिकारी पर वनरक्षक, चौकीदार ने गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि इस रेंज में अवैध कटाई हुई थी इसको लेकर हमें पूछताछ के लिए बुलाया गया लेकिन हमारे साथ गाली-गलौज का अभद्र व्यवहार किया गया और टार्जर किया गया। वन मंडला अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा सस्पेंड करने की धमकी भी दी गई है जिससे हम परेशान हैं। वनपाल महिपाल सिंह यादव और रुपेश ने बताया कि अवैध कटाई के मामले में हमें सिवनी मालवा बुलाया गया और चौकीदारों पर दबाव बनाया की वनपाल और चौकीदार सहित सभी बोलो कि हमने लकड़ी कटवाई है। हमें बिना सूचना के ले जाया गया। वनपाल ने बताया कि सिवनी मालवा सर्कल के चिचवानी में लकड़ी की कटाई हुई थी। यह घटना 31 तारीख की बताई जा रही है। हमें टॉर्चर किया गया और दबाव बना जा रहा है। हमारे साथ में अभद्र व्यवहार किया गया जबकि हम वर्दी में थे। हम वन मंडला अधिकारी पर कार्यवाही की मांग करते हैं।

## कांग्रेस का दोहरा प्रहार : बदहाल किसान और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर सरकार की घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी की तारीखों में बार-बार हो रहे बदलाव और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर किसान कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को ईश्वर रेस्टॉरेंट सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने सरकार पर आरोप लगाया कि जानबूझकर खरीदी में देरी की जा रही है, जिससे मजबूर होकर छोटा किसान अपनी उपज को 2200-2300 रुपये प्रति क्विंटल के औने-पौने दाम पर व्यापारियों को बेचने पर मजबूर है।

किसान कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही खरीदी सुचारू रूप से शुरू नहीं हुई और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन पूरे जिले में ट्रैक्टर रैली और किसान जन जागरण यात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तोमर, राजकुमार केलू उपाध्याय, अशोक जैन, धन सिंह चौधरी, पंकज राठौर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## असम प्रवास के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने जनसंपर्क में कार्यकर्ताओं आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



असम प्रवास के दौरान होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने धेमाजी जिले के सिसिबोरगांव विधानसभा अंतर्गत सिलापथार मंडल के ग्राम माछगांव में भाजपा प्रत्याशी जीवन गोगोई के साथ स्थानीय परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात कर सार्थक संवाद किया।

संवाद के दौरान सांसद चौधरी ने कहा कि असम केवल एक राज्य नहीं, बल्कि देश की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरव का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में असम आज तेज़ी से विकास के पथ पर अग्रसर है और हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह, ऊर्जा और अटूट विश्वास की सराहना करते हुए कहा कि यही विश्वास संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। जनता का स्नेह और समर्थन हमें विकास, विश्वास और सुशासन के मार्ग पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य में विकास की गति और अधिक तेज हुई है।अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी चुनाव में विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाएं, हर कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाए और भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाएं।

## गैस बुकिंग से हो रहे स्कैम से सावधान रहने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों गैस बुकिंग सहित लिमिटेड स्टॉक, कनेक्शन काटे जाने, अर्जेंट बुकिंग सहित अन्य माध्यम से स्केम हो रहा है।

इसको लेकर एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि ऐसी बातों पर ध्यान ना दें। केवल ऑफिशियल एप और वेबसाइट से ही बुकिंग करें या ऑथेराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि आजकल ठग एलपीजी गैस की बुकिंग, अर्जेंट बुकिंग, लिमिटेड और गैस कनेक्शन काटे जाने सहित अन्य माध्यम से एसएमएस, ओटीपी लिंक, एपीके फाइल भेज कर स्केम कर रहे हैं। अननोन नंबर को न उठाएं वही अननोन लिंक पर क्लिक न करें ओटीपी न दे और सावधान रहें।



## राज्यसभा सांसद ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से चर्चा कर क्षेत्र के लिए मांगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने वर्तमान संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के शीर्ष नेतृत्व से भेंट कर नर्मदापुरम संभाग सहित मध्यप्रदेश के लोक-कल्याणकारी विषयों और जन-आकांक्षाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता दोहराते हुए सांसद नारोलिया ने सड़क, रेल और औद्योगिक विकास के त्रिकोणीय मॉडल पर विस्तार से चर्चा की। सांसद नारोलिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर नर्मदापुरम-टिमरनी-हरदा-खंडवा मार्ग के सुदृढ़ीकरण और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के उन्नयन से न केवल अंतर-राज्यीय व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से भी यह मार्ग मील का पत्थर साबित होगा। सांसद नारोलिया ने क्षेत्रीय रेलवे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण हेतु अपने सुझाव प्रेषित किए, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। नर्मदापुरम में स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलने हेतु सांसद नारोलिया ने केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से सार्थक संवाद किया।

### समाधान योजना: डेढ़ माह तक और सरचार्ज माफ होगा

नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि डेढ़ माह और बढ़ा दी गई है। बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के द्वितीय चरण की अवधि अब 15 मई तक कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।प्रदेश सरकार की समाधान योजना के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### अनंत विक्टोरियस की ऐतिहासिक जीत

## खेल केवल जीत-हार के लिए नहीं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना सीखने का माध्यम: कपिल फौजदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विक्टोरियस क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित अंडर-14 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज प्रतिभा और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन नर्मदापुरम के अध्यक्ष कपिल फौजदार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य के प्रति प्रेरित किया। मैच के दौरानखिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री फौजदार ने कहा कि खेल केवल जीत-हार के लिए नहीं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना सीखने का माध्यम है।



### अनंत विक्टोरियस का दबदबा

टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण मुकाबले में अनंत विक्टोरियस ने यंग ब्राइट क्रिकेट क्लब सिवनी मालवा के विरुद्ध एक तरफा जीत हासिल की। गेंदबाजी का जलवा: टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिवनी मालवा की टीम को अनंत विक्टोरियस के गेंदबाजों ने टिकने नहीं दिया। इसके बाद बनी गोस्वामी, शिवाय अग्निहोत्री और शिवोहम चौकसे ने भी 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा: 72 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 7 ओवरों में टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। पृथ्वी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे मैच में एन.डी.सी.ए. की रोमांचक जीतदिन का दूसरा मुकाबला नीरज गोर क्रिकेट अकादमी और नर्मदापुरम डी. क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। नीरज गोर अकादमी ने 13वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। मुरली को उनकी बेहतरीन पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार डॉ. श्रद्धा गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्टोरियस क्रिकेट क्लब के मानसेवी सचिव दीपक तिवारी और कोच सौरभ चौरसिया सहित मोहित अग्निहोत्री, विकास अग्रवाल, आशीष गुप्ता और विजय वर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**खबर संक्षेप**

### जल का कोई विकल्प नहीं, जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम संपन्न

**बैतूल।** ग्राम बसपानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में नवांकुर संस्था अध्यक्ष शैलेश मालवी और प्रमोद जागरे ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित इस अभियान के द्वितीय चरण 28 मार्च से 30 जून के तहत विभिन्न गतिविधि आयोजित की जा रही है। इसके तहत कार्यक्रम बांसपानी के तालाब को जन समुदाय की भागीदारी से तालाब का गहरीकरण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं पूजन किया गया। ग्राम सरपंच सोनू उइके ने कहा कि कि जल को सहेजना ही एकमात्र उपाय है क्योंकि जल का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर एमसीएमसीडीपी के छात्र-छात्रा आशुतोष कुमार, पायल चौहान, हिमांशी हिवरखड़े, चित्रलेखा जौंजारे सहित ग्राम पंचायत बांसपानी के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह 5 को आएंगे बैतूल

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह 5 अप्रैल को बैतूल जिले के प्रवास पर रहेगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री श्री शाह प्रातः 11.30 बजे इंदौर से घोड़ाडोंगरी के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री शाह सायं 5.30 बजे घोड़ाडोंगरी के सतपुड़ा ग्राउंड में आयोजित आदि रंग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 9 बजे घोड़ाडोंगरी से खंडवा के लिए प्रस्थान करेंगे।


### कांग्रेस संगठन में सुधार के प्रयास तेज, सुमित शिवहरे बने नगर कांग्रेस अध्यक्ष




**मुलताई।** पूर्व कांग्रेस मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे द्वारा मुलताई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए लगातार व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की जा रही हैं। हाल ही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर अरुण यादव की नियुक्ति के बाद अब सुमित शिवहरे को नगर कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। सुमित शिवहरे लंबे समय से कांग्रेस की सक्रिय राजनीति से जुड़े हुए हैं। वे नगर की मूलभूत समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत रहे हैं। युवाओं सहित सभी वर्गों में उनकी मजबूत पकड़ और सकारात्मक छवि मानी जाती है, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नगर पालिका चुनाव में भी सुमित शिवहरे का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। भाजपा के मजबूत गढ़ माने जाने वाले वार्ड क्रमांक-8 से उनकी पत्नी अंजली सुमित शिवहरे ने भारी मतों से विजय प्राप्त की थी।

## बार-बार के झटके, भूकंप से कितना सुरक्षित और असुरक्षित है ताप्ती क्षेत्र...

# मुलताई की धरती पर हलचल सप्ताह में दो बार हुआ कंपन




**असलम अहमद मुलताई**

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की मुलताई तहसील में एक सप्ताह के भीतर दो बार हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीती रात 11.24 बजे अचानक धरती हिलने लगी। विद्युत मंडल के कर्मचारी नेहरू वार्ड निवासी संतोष गुप्ता बताते हैं कि रात को अचानक भूकंप के झटके महसूस हुए। तेज आवाज के साथ ऐसा लगा कि पृथ्वी के अंदर कुछ टकरा रहा है। भूकंप की आशंका के कारण हम पूरे परिवार सहित घर से बाहर निकल गए तो देखा कि पूरा मोहल्ला जमा है और बहुत डर तक सभी लोग घरों के बहार ही रहे। उल्लेखनीय है कि धरती हिलने की ताप्ती नगरी में यह एक सप्ताह में दूसरी घटना है पहली घटना 29 मार्च 2026 को दर्ज की गई, जबकि दूसरी बार 2 अप्रैल की रात लगभग 11:24 बजे लोगों ने हल्की कंपन महसूस की। लगातार दो बार झटके महसूस होने से स्थानीय लोगों में हल्की चिंता का माहौल बना हुआ है।

### क्या कहता है वैज्ञानिक डेटा

विशेषज्ञों के अनुसार 29 मार्च को मुलताई के आसपास लगभग 2.7 से 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था, जिसकी गहराई करीब 5 किलोमीटर थी। इतनी कम गहराई के कारण हल्का भूकंप भी सतह पर स्पष्ट रूप से महसूस होता है।2 अप्रैल को महसूस किए गए झटके भी इसी प्रकार के माइक्रो या हल्के भूकंप माने जा रहे हैं, जो क्षेत्र में चल रही सामान्य भूगर्भीय गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। जानकारों की मानो तो बैतूल जिला सतपुड़ा रेंज में स्थित है यह नर्मदा-सोन फॉल्ट जॉन के पास आता है यह जमीन के अंदर दरारे मौजूद है जो समय-समय पर एक्टिव होती रहती है।

### भौगोलिक कारण : क्यों हिलती है मुलताई की जमीन

मुलताई और बैतूल क्षेत्र सतपुड़ा पर्वतमाला में स्थित है, जो प्राचीन भूगर्भीय संरचना का हिस्सा है। यह क्षेत्र नर्मदाझताप्ती फॉल्ट ज़ोन के अंतर्गत आता है, जहां जमीन के भीतर दरारें मौजूद हैं। इन्हीं फॉल्ट लाइनों में समय-समय पर हलचल होने से: छोटे भूकंप की संभावना बनती है। जमीन के अंदर जमा तनाव धीरे-धीरे बाहर निकलता है विशेषज्ञ इसे क्रस्टल एडजस्टमेंट या प्राकृतिक संतुलन प्रक्रिया बताते हैं।

### 50 साल का रिकॉर्ड : कितना सुरक्षित है क्षेत्र?

यदि पिछले 50-70 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस क्षेत्र में अब तक कोई बड़ा भूकंप (6.0 से अधिक) दर्ज नहीं हुआ ,अधिकतम तीव्रता लगभग 4.9 तक रही है,ज्यादातर भूकंप 2 से 4 तीव्रता के बीच ही आते रहे हैं ,इस आधार पर बैतूलझमुलताई क्षेत्र को कम से मध्यम जोखिम में रखा गया है।

### 1987-मैग्नीट्यूड: 4.9 (सबसे बड़ा)

दूरी: 150 किमी,यह इस क्षेत्र का सबसे बड़ा रिकॉर्डेड झटका था। 1996-तीव्रता 4.0, दूरी: 40 किमी,हल्का-मध्यम भूकंप, 1998-तीव्रता 4.3,दूरी: 70 किमी,महसूस होने वाला लेकिन नुकसान नहीं । 2024 - तीव्रताः 94.2, असरः बैतूल+महाराष्ट्र (अमरावती) लोगों ने 4-5 सेकंड तक कंपन महसूस किया।,2025-तीव्रताः 2.5-2.8 डेप्थ: 5-10 किमी बहुत हल्के झटके,राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र- 29 मार्च 2026 तीव्रताः 2.9 डेप्थ 5 किमी (बहुत सलो), 2 अप्रैल 2026 हल्के झटके महसूस किए गए।

### क्या यह बड़े भूकंप का संकेत है?

भूकंप विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान स्थिति को देखते हुए: अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि बड़ा भूकंप आने वाला है, बार-बार छोटे झटके आना सामान्य प्रक्रिया है,यह झटके जमीन के अंदर जमा ऊर्जा को धीरे-धीरे रिलीज करते हैं,हालांकि, यदि भविष्य में झटकों की संख्या तेजी से बढ़े, तीव्रता 4 या उससे अधिक हो,तो स्थिति की गंभीरता बढ़ सकती है और निगरानी जरूरी हो जाती है।

### निष्कर्ष

मुलताई में हाल ही में महसूस किए गए झटके सामान्य भूगर्भीय गतिविधि का हिस्सा हैं। यह क्षेत्र भले ही पूरी तरह निष्क्रिय नहीं है, लेकिन यहां बड़े और विनाशकारी भूकंप की संभावना फिलहाल बहुत कम मानी जाती है। नागरिकों के लिए सुझाव घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन सतर्क रहें ,घरों में भारी वस्तुओं को सुरक्षित रखें, भूकंप के दौरान सुरक्षित स्थान की जानकारी रखें, सरकारी एजेंसियों की आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।

## फंसे 4 घायलों में से 2 गंभीर

# दीवार से टकराते ही बोलेरो चकनाचूर, दो ने तोड़ा दम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**



सारणी स्टेट हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.15 बजे सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। हादसा गौठाना इलाके में हुआ, जहां एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर मन मंदिर लॉन की दीवार से जा टकराई।

मृतकों की पहचान अर्जुन नगर निवासी प्रफुल्ल अनिल ठोके (25) और पुनीत ठाकरे (25) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में पप्पू प्रजापति (23), राजू यादव (26), अभिषेक वडिवा (26) और 14 वर्षीय संगम राठौर शामिल हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय हलकी बारिश हो रही थी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो बोलेरो (एमपी 48 टी 1317) सडक़ किनारे लॉन के गेट की दीवार से टकराई मिली। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह चकनाचूर हो गया और एयरबैग तक खुल गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन जिला जनसंपर्क कार्यालय में अनुबंधित था और उसे मेंटेनेंस के लिए गैरेज ले जाया जा रहा था। सहायक संचालक रोमित उइके ने स्पष्ट किया है कि मृतक और घायल युवक कार्यालय से जुड़े नहीं थे। सूचना पर टीआई देवकरण डहरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हादसे के समय वाहन कौन चला रहा था और दुर्घटना की असली वजह क्या थी।

### बिजली करंट फैलाने का मामला दर्ज, आरोपी फरार मछली पकड़ने के दौरान करंट लगने से मृत्यु

**बैतूल।** थाना शाहपुर क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से बिजली के करंट फैलाने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु होने का गंभीर मामला दर्ज किया गया है। 20 जनवरी 2026 को शाम लगभग 6.00 बजे ग्राम कोटमी, माचना नदी से लगभग 06 किमी पूर्व क्षेत्र में आरोपी सम्मु लाल सिरसाम पिता फत्तू सिरसाम निवासी कोटमी द्वारा अवैध रूप से बिजली कनेक्शन में खुले तार जोडक़र करंट फैलाया गया था। उक्त लापरवाही के कारण मृतक अरविन्द मोर्सिया को उक्त स्थान पर मछली पकड़ते समय खुले तार के संपर्क में आने से करंट लग गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराए जाने पर डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु करंट लगने से होना बताया गया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी सम्मु लाल सिरसाम पिता फत्तू सिरसाम निवासी कोटमी द्वारा बिजली विभाग से 3 महीने के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन लिया गया था, जिसे लापरवाही पूर्वक खेत में फैलाया गया था। जिससे खुले तार के संपर्क में आने से मृतक की करंट लगने से मृत्यु होना पाया गया।

## हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ परचरी पुराण कथा का समापन, उमड़े श्रद्धालु



**शाहपुर।** ग्राम झापड़ी कालापानी में 29 मार्च से संत शिरोमणि राम जी, बाबा गुरु साहब बाबा, सिंगाजी महाराज एवं सरवन साधु बाबा के आशीर्वाद से चल रही पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा का समापन 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर का निशान चढ़ाकर भंडारे प्रसादी के साथ किया गया। परचरी पुराण कथा का वचन कथा वाचक बालक दास महाराज मनिया खेड़ी जिला हरदा के द्वारा किया गया। उनके द्वारा राम जी बाबा कथा का श्रवण भक्तों को करवाया गया। राम जी बाबा की यह पहली कथा है। जिसका श्रवण ग्राम झापड़ी में भक्तों को करवाया गया। इस परचरी पुराण कथा का श्रवण करने के लिए दूर-दूर से भक्तगण ग्राम झापड़ी में उपस्थित हुए। धार्मिक परचरी पुराण कथा का श्रवण करने के लिए नर्मदापुरम संभाग के रामजी बाबा मंदिर के मंहत डॉ विजय दास भी कथा का पूजन अर्चन और श्रवण करने के लिए उपस्थित हुए, जो कि राम जी बाबा के ही परिवार से हैं। उनके द्वारा भी राम जी बाबा की समाधि एवं उनके जीवन के बारे में भक्तों को बताया गया। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी लाभ प्राप्त किया गया।

## डॉ.योगेश पंडाग्रे एवं विशाल बतरा का भाजपा ने किया भव्य स्वागत



**बैतूल/आमला।** भाजपा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे को प्रदेश प्रवक्ता एवं विशाल बतरा को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा है। वहीं मोहित गर्ग मीडिया पैनेलिस्ट की प्रदेश सूची में दोबारा शामिल किए गए। जिला मीडिया सेंटर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में भी बैतूल जिले से अंकित आर्य को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौपा गया है। प्रदेश की कार्यसमिति में नवीन दायित्व मिलने पर भाजपा परिवार ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए हर्ष प्रकट किया। इस अवसर पर डा.योगेश पंडाग्रे एवं विशाल बतरा का जिला भाजपा परिवार ने पुष्पहार व पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया एवं मिठाई बांटकर खुशी जताई इसमें प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, पिछडावर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री अतीत पंवार, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुनिल पंवार, नीतू पटेल, नीतिन बारस्कर, गोवर्धन राने, दीपक उइके, अरविंद राठौर, अभिषेक राठौर, विवेक जवाहर शुक्ला, दीपक वर्मा, सूर्यदीप त्रिवेदी, चाणक्य राखडे, आशीष वागद्रे, रमेश पाठा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एम्स में कलाई जोड़ने की कोशिश

# फोन-पे ट्रांजैक्शन से पकड़ा हाथ काटने का आरोपी, पत्नी ने बचाई

**बैतूल।** चोपना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला प्रारंभ में एक अज्ञात नकाबपोश हमलावर द्वारा किए गए अंधे कत्ल के प्रयास का था, जिसे पुलिस ने सूझबूझ, तकनीकी साक्ष्यों और फरियादी की सतर्कता से सुलझाया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को दोपहर लगभग 3.00 बजे ग्राम शिवसागर पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर विप्लव विश्वास एवं उनकी पत्नी सुशांति विश्वास पर एक अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार दाव (हंसिया) से नृशंस हमला किया गया। इस हमले में विप्लव विश्वास का बायां हाथ कलाई से लगभग अलग हो गया तथा चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान पत्नी सुशांति विश्वास ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हमलावर से अपने पति को बचाया एवं राहगीरों की सहायता से तत्काल घोड़ाडोंगरी अस्पताल पहुँचाकर पुलिस को सूचना दी। रिपोर्ट पर थाना चोपना में धारा 109, 115(2), 117(2), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान फरियादी सुशांति विश्वास ने हमलावर के हुलिए, कद काठी एवं कपड़ों के आधार पर संदेह व्यक्त किया कि आरोपी उनका पूर्व परिचित प्रणव मिस्त्री हो सकता है, जिससे पुरानी रंजिश थी। संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर की गई सघन पूछताछ में आरोपी प्रणव मिस्त्री पिता प्रफुल्ल मिस्त्री (उम्र 33 वर्ष), निवासी ग्राम सालीवाड़ा, थाना चोपना ने अपना



अपराध स्वीकार किया।

### सामाजिक बदनामी के कारण बार-बार टूट रहा था विवाह

आरोपी ने बताया कि वर्ष 2020-21 में पीड़ित परिवार द्वारा की गई शिकायत के कारण उसकी सामाजिक बदनामी हुई थी, जिससे उसका विवाह बार-बार टूट रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने बदले की भावना में हत्या की साजिश रची। घटना से पूर्व आरोपी ने एक लोहार से 850 में ह्यदावह्न (हंसिया) खरीदा था, जिसका भुगतान उसने फोन-पे के माध्यम से किया था। पुलिस ने इस डिजिटल ट्रांजैक्शन की पुष्टि कर वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया।

### घटना में प्रयुक्त हंसिया और मोटरसाइकिल जब्त

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से मामले में घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार ह्यदावह्न (हंसिया) और मोटरसाइकिल (एमपी48 जेडबी 9366) सहित घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। घायल विप्लव विश्वास का उपचार एम्स अस्पताल भोपाल में जारी है, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनके हाथ का जटिल ऑपरेशन किया गया है। वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। पुलिस टीम लगातार अस्पताल प्रशासन के संपर्क में है।

## 31 मार्च को नपा के राजस्व खजाने में अभूतपूर्व बढ़त, कर्मचारियों की सतत मेहनत लाई रंग

# कर्मियों की मेहनत से आमला नपा संभाग में प्रथम स्थान पर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला/बैतूल**



नगर पालिका अधिकारी आमला के कुशल मार्गदर्शन एवं आवास योजना प्रभारी के सतत प्रयासों से वर्ष 2026-27 में आवास योजना में शत प्रतिशत कार्य की पूर्णता पर आमला नगर पालिका को संभाग में प्रथम स्थान मिला है। आवास योजना प्रथम एवं द्वितीय चरण में पहली बार ऐसा हुआ है कि जब योजना से जुडे कर्मचारियों की मेहनत और सतत प्रयासों से पूरे संभाग में नगर पालिका आमला प्रथम रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में अभी तक कुल 657 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है, वहीं चालू वित्तीय वर्ष में आवास योजना 2.0 में भी कुल प्राप्त आवेदनों का 70प्रतिशत निराकरण करने से नगर पालिका आमला संभाग में प्रथम स्थान पाने में सफल रही है। उक्त जानकारी नगर पालिका आमला द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। इस मौके पर नगर पालिका अधिकारी नितिन बिंजवे और नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने योजना के प्रभारी रमेश देशमुख एवं सहायक सुभाष सिरसाम को सम्मानित किया है। सदस्य संजय राठौर, शोभा देशमुख, सुधीर अंबडकर, ममता धमोडे, दीक्षा सुरजेकर और राकेश शर्मा ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी है।

### नपा के राजस्व विभाग ने रचा इतिहास एक ही दिन में अभूतपूर्व वसूली

नगर पालिका परिषद के इतिहास में ऐसा पहली बार देखा गया है कि जब मात्र एक ही दिन में यानी वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च को पहली बार 12 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है, वहीं इसी के साथ वित्तीय वर्ष में कुल 70 फीसदी से ज्यादा राजस्व वसूली करने का रिकॉर्ड भी नगर पालिका ने अपने नाम किया है। नगर पालिका अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं राजस्व शाखा प्रभारी अखिलेश राजनेगी, सहायक पृथ्वीराज चौहान की सतत मेहनत से नगर पालिका ने पहली बार वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली के 70 फीसदी के आंकड़े को पार किया है, जबकि इसके पूर्व में अभी तक नगर पालिका के राजस्व में प्रति वर्ष लगभग 50 से 55 फीसदी ही वसूली नगर पालिका को प्राप्त हो रही थी। सीएमओ नितिन बिंजवे ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी।

## रेलवे स्टेडियम में नाईट टेनिस टूर्नामेंट का किया गया शुभारंभ

### विजेता टीम को 51 हजार के साथ ट्रॉफी, उपविजेता को 25 हजार और ट्रॉफी का मिलेगा इनाम



**आमला।** रेलवे स्टेडियम में आयोजित आमला तहसील कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता स्व. श्रीमती गनिता बाई ऊईके की स्मृति में ओम साईं टेंट के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में आमला तहसील के खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के क्रिकेट खिलाडिय़ों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता की खासबात यह है कि इसमें कुल 12 ऑनर्स ने अपनी-अपनी टीमें उतारी हैं। आईपीएल की तर्ज पर खिलाडिय़ों की बोली लगाकर टीमों का गठन किया गया है। खिलाडिय़ों की नीलामी और टीमों के गठन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह रहा। आयोजन समिति द्वारा इस अनोखे प्रारूप को प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण बताया जा रहा है। रात्रिकालीन प्रतियोगिता होने के कारण रेलवे स्टेडियम में पर्याप्त रोशनी के लिए फ्लड लाइट की विशेष व्यवस्था की गई है। जगमग रोशनी के बीच खेले जा रहे मुकाबलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगरपालिका उपाध्यक्ष किशोर माथनकर ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण और तहसील स्तर के खिलाडिय़ों को आगे बढऩे का अवसर देती हैं।

## भक्तजनों ने आस्था और श्रद्धा के साथ की पवनपुत्र की पूजा और अर्चना

# नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली आकर्षक झांकी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**



शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिरों के साथ शोभायात्रा के मार्गों को रंग-बिरंगी रोशनी, स्वागत द्वार, फूलों की सजावट और भगवा ध्वजों से सजाया गया था। जिससे पूरा शहर भगवामय नजर आ रहा था। गंज क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति बैतूल द्वारा श्री हनुमान चौक पर श्री हनुमान चालीसा के पाठ के बाद शाम 7.30 बजे श्रीराम दरबार की महाआरती की गई। इसके बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली भव्य शोभायात्राएँ यहां पहुंचेंगी। इनमें कोठीबाजार से घाटा मेहंदीपुर बालाजी की शोभायात्रा, श्री हनुमान मंदिर गर्ग कॉलोनी, रामनगर, भग्गूढ़ाना, चुन्नीढाना सहित अन्य क्षेत्रों से निकलने वाली शोभायात्राएँ शामिल हुई। शोभायात्राओं में अखाड़ों के प्रदर्शन, आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजों की धुन और भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। श्री हनुमान चौक गंज पर पहुंचने वाली झांकियों और शोभायात्राओं का आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। आयोजकों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। जन्मोत्सव के दिन मंदिरों में सुबह 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में मंगल आरती, हनुमान चालीसा पाठ और विशेष अभिषेक किया। दोपहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। दिलबहार चौक गंज पर जय हनुमान सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ के बाद शोभायात्राओं के आयोजकों का बूंदी के बड़े मोदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया किया। यहां श्रद्धालुओं के बीच चना और हलवा प्रसादी का वितरण भी किया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**शाहपुर।** ग्राम तारमखेड़ा के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। तारमखेड़ा का यह प्राचीन मंदिर, दो जिले की सीमाओं पर स्थित है। नर्मदापुरम जिले एवं बैतूल जिले की सीमा पर स्थित तारमखेड़ा हनुमान मंदिर के पास से ही प्रारंभ होती है। नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिले के भक्तगण यहां पर श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। यहां के महंत सनत कुमार दास ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातः काल 3.00 बजे से ही भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। पूजा अर्चना लगभग तीन से पांच घंटे चली। उसके बाद सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भक्तों के द्वारा अपने क्षेत्र की सुख शांति खुशहाली के लिए भगवान हनुमान जी से प्रार्थना की गई। पूजन के बाद आरती प्रसाद का वितरण किया गया। उसके कुछ ही पलों के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन प्रारंभ किया गया। जो दिन भर लगातार चलता रहा।

### भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीराम कथा



**शाहपुर।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर पतौवापुरा के खेड़ापति मंदिर में श्रीराम कथा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं, बच्चे, पुरुष पीले, लाल, रंग के वस्त्र पहनकर शामिल हुए। कलश यात्रा माँ माचना नदी के तट पर ढोल बाजे के साथ पहुंची। माँ माचना की पूजा अर्चना के बाद जल, कलश में भरकर खेड़ापति मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां पूजन अर्चन कर श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक पंडित मुद्गल शास्त्री वृंदावन से पधारे। उनके मुखारविंद से भगवान श्री राम की कथा का श्रवण भजनों के साथ भक्तों को करवाया गया। हनुमान जयंती के पावन पर्व पर सभी ने श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान श्रीराम एवं उनके भक्त पवनसुत हनुमान का ध्यान किया। प्रसाद लाभ ग्रहण किया।

### बांकोखेड़ी से झीनापुर बासनिया तक बन रही सड़क में उखड़ रही डामर की परत

# गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का हंगामा, ठेकेदार पर लगाए आरोप

बांकोखेड़ी से झीनापुर बासनिया तक बन रही सड़क में डामर की परत हाथ से उखड़ने लगी, जिसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और काम रुकवा दिया और गुणवत्ता की जांच की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनी मालवा से सटे ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कराया जा रहा है।

#### उखड़ी डामरी की परत

बांकोखेड़ी से झीनापुर बासनिया तक बन रही सड़क में डामर की परत हाथ से उखड़ने लगी, जिसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और काम रुकवा दिया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों, विशेष रूप से एसडीओ स्तर तक की मिलीभगत से क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उनका कहना है कि सिवनी मालवा से लगे इन ग्रामीण इलाकों में केवल यही एक सड़क नहीं, बल्कि कई ऐसी सड़कें हैं जिनका निर्माण मानकों को दरकिनार कर किया गया है।

#### ग्रामीण बोले.. हुई अनदेखी

ग्रामीणों के मुताबिक विभागीय निगरानी कमजोर है और ठेकेदारों का बोलबाला बना हुआ है, जिसके चलते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता लगातार सवालों में है।बांकोखेड़ी से झीनापुर बासनिया तक बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। सड़क पर बिछाई गई डामर की परत हाथ से ही उखड़ने लगी।

यह देखकर ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर काम का विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच लक्ष्मण सिंह रघुवंशी ने रात में हो रहे इस घटिया निर्माण की शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन पर की थी। शिकायत में कहा गया कि रात के समय सड़क निर्माण किया जा रहा है और सड़क की परत हाथ से निकल रही है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी की ओर से काम जारी रखा गया।

#### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि जब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए वहीं बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि इस तरह की भाषा न केवल निर्माण में गड़बड़ी की ओर इशारा करती है, बल्कि विभागीय संरक्षण की आशंका भी मजबूत करती है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों में यदि इसी तरह लापरवाही बरती गई तो आम लोगों को लंबे समय तक खराब और असुरक्षित सड़कों का सामना करना पड़ेगा।

## पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों ने जाना बिजली बनाने का हुनर, सारणी पावर प्लांट का तकनीकी भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के 50 विद्यार्थियों ने सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट, सारणी का एक दिवसीय तकनीकी भ्रमण किया। यह विजिट विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ पावर प्लांट की वास्तविक कार्यप्रणाली और तकनीकी बारीकियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

#### 250 मेगावाट की यूनिट्स का लिया अनुभव

मुख्य अभियंता लिलोरे एवं अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) ज्योति गायकवाड़ की अनुमति से शुरू हुए इस भ्रमण में प्रशिक्षण इंजीनियर शाहबाज आलम ने विद्यार्थियों को प्लांट की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 250-250 मेगावाट की यूनिट नंबर 10 और 11 ऑपरेशनल हैं। यहां बिटुमिनस कोयले का उपयोग प्राथमिक ईंधन के रूप में किया जाता है, जो पाथाखेड़ा खदानों से रेल एवं सड़क मार्ग द्वारा लाया जाता है। यहां कोयले को पुलवराइज्ड (बारीक चूर्ण) कर हाई प्रेशर बॉयलर में ऊष्मा उत्पन्न करने की प्रक्रिया देखी।

#### टरबाइन और जनरेटर :

विद्यार्थियों ने देखा कि कैसे हाई प्रेशर स्टीम के माध्यम से स्वदेशी टरबाइन की ब्लेड्स को रोटेट कर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदला जाता है।

#### पर्यावरण संरक्षण :

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर की कार्यविधि समझाई गई, जो डस्ट पार्टिकल्स को वातावरण में जाने से पहले एकत्रित कर लेती है। साथ ही ऐश डिस्पोजल और वाटर रीसायकल सिस्टम की भी जानकारी दी गई। इस विजिट की खास बात यह रही कि पावर प्लांट में कार्यरत कई सहायक एवं डिवीजनल इंजीनियर स्वयं प्राचार्य आरके चोलकर के पढ़ाए हुए छात्र हैं। उन्होंने अपने गुरु की उपस्थिति में वर्तमान विद्यार्थियों को प्लांट के ऑपरेशन और जटिल तकनीकी प्रणालियों को बड़े ही सरल ढंग से समझाया। यह तकनीकी विजिट प्राचार्य आरके चोलकर के नेतृत्व एवं विभागाध्यक्ष विद्यावती सूर्यवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता आकाश गर्ग, नीलेश गौर और हरिओम नरवरे के मार्गदर्शन में हुई।

### इंजीनियर अजय अहिरवाल पुनः कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग में इंजीनियर अजय अहिरवाल को पुनः नर्मदापुरम जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। अहिरवाल लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर अनुसूचित जाति, दलित एवं वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिली है, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने उन पर पुनः विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पर इंजीनियर अजय अहिरवाल ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अहिरवाल ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुचाने, सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## नि:शुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन छह को होगा

### नेत्र विशेषज्ञ होंगे शामिल, देंगे परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बैरागढ़ भोपाल एवं जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम् के सौजन्य से छह अप्रैल को निःशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाऐगा। शिविर आयोजन सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाऐगा। डॉ. रेखा सिंह गौर बीएमओ सोहागपुर व नेत्र सहायक अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद जांच, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, कृत्रिम लैंस का प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा करने के मरीज चिन्हित किये जाऐंगे। कम्प्यूटर द्वारा चश्मे के नम्बर की जांच, कांचबिन्दु की जांच एवं उपचार, नासूर की जांच एव ऑपरेशन, भेंगेपन की जांच एवं ऑपरेशन, आंखों के पर्दे की जांच व उपचार भी किये जाऐंगे। शाक्य के अनुसार मरीज अपने साथ में आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड या वोटर कार्ड की छायाप्रति लाऐं। इनके अभाव में मरीजों का ऑपरेशन करना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि आवास, भोजन, जांच, ऑपरेशन, दवाईयों की निःशुल्क व्यवस्था की जायेगी। शाक्य ने बताया कि शिविर स्थल से ऑपरेशन हेतु चिन्हित मरीजों को उसी दिन बस से चिरायु अस्पताल भोपाल ले जाया जाएगा।

## भारतीय सेना में सेवा पूर्णकर लौटे सैनिक का किया जोरदार अभिनंदन, निकाली स्वागत रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गृहनगर लौटे एक वीर योद्धा सैनिक का सम्मान शुक्रवार को किया गया है। यह आयोजन सैनिक समाज सेवा संगठन सोहागपुर द्वारा किया गया है।

सैनिक समाज सेवा संगठन सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार नायक भरत लाल पाली ने भारतीय सेना में रहकर 18 वर्ष तक देश की सतत सेवा की। सेवा पूर्णता उपरांत गत दिवस नायक पाली सकुशल गृहनगर लौटे। घर आगमन पर नायक भरत लाल पाली का सैनिक ग्रुप ने रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। इसके बाद स्वागत रैली भी निकाली गई। रैली दौरान क्षेत्र में जगह जगह पर सोहागपुर क्षेत्रवासियों द्वारा नारियल व मिष्ठान द्वारा नायक भरतलाल पाली का स्वागत तथा सम्मान किया गया। पाली अपनै इस अभिनंदन से अभिभूत हुए तथा उन्होंने युवाओं से कहा कि देश सेवा तथा सुरक्षा के क्षेत्र में जरूर जाऐं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैनिक ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य संतोष रघुवंशी, नीलम पटेल, हरीश कुमार साहू, अजय सोनी, राजेश रघुवंशी, देवेंद्र नागेश, जितेन्द्र ठाकुर, अभिषेक डोर, नेपाल रघुवंशी, सचिन मिश्रा बॉबी एवं अंकित पटेल द्वारा सहयोग किया गया। जगह-जगह वीर योद्धा का सम्मान किया गया। सैनिक समाज सेवा संगठन सदस्यों के अनुसार ग्रुप आगे भी देश सेवा में जाने वाले व देश सेवा का कार्यकाल पूर्णकर आने वाले सैनिकों के सम्मान के लिये समारोह आयोजित करता रहेगा। इससे युवाओं में देशसेवा के लिये सेना में जाने का इरादा प्रबल होगा।

## मजदूर संघ ने अपने सराहनीय योगदान के लिए मंडी सचिव को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया क्रषि उपज मंडी में तुलावटी हम्माल मजदूर संघ ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सहायक संचालक एवं सचिव चंद्र शिवराम उईके को शाल श्रीफल भेंटकर पुष्प वर्षा कर आगवानी करते हुए सम्मानित किया गया। मजदूर संघ के सरंक्षण संरक्षक अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य रूप से मानो सिंह रघुवंशी ने बताया कि सहायक संचालक एवं सचिव चंद्र शिवराम उईके के द्वारा केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकार की योजना बनाई गई है। उनका भरपूर सहयोग किया गया है। सिर्फ व्यापारी वर्ग के ही हितेषी नहीं है। सचिव मजदूर संघ हम्माल मजदूर संघ ने जोरदार सम्मान किया गया। एवं सचिव चंद्र शिवराम उईके को विकास शील पुरुष बताया गया। सभी नेट पर पर्याप्त आराम की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि केंटिन से लेकर विश्राम भवन में हमेशा जगह उपलब्ध कराई गई है।

पूर्व मंडी सहायक संचालक एवं सचिव राघवेन्द्र सिंह राठौर का निवास ही विश्राम भवन में हमेशा रहा हे। मजदूर संघ हम्माल मजदूर संघ ने पूर्व में पदस्थ अधिकारियों को शोषण कर्ता बताया गया। नीलामी में सुधार करने की तथा व्यापार का माल खरीदने के बाद तत्काल प्रभाव से उठाने पर जोर दिया गया।

## नरवाई की आग से तबाही: खरगावली ढाना में उजड़े घर

### दुख की घड़ी में ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक विजयपाल सिंह, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के माखन नगर अंतर्गत ग्राम खरगावली ढाना में खेतों में लगी नरवाई की भीषण आग ने कई परिवारों की जिंदगी को पल भर में तबाह कर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मकान, पालतू पशु, भूसा एवं अनाज जलकर राख हो गए। जिन परिवारों के सिर पर छत थी, वे अब खुले आसमान के नीचे खड़े हैं—आंखों में आंसू और भविष्य को लेकर गहरी चिंता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ तहसीलदार, पटवारी सहित प्रशासनिक अमला भी उपस्थित रहा। विधायक ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी स्थिति का जायजा लिया तथा उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। विधायक विजयपाल सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से हर संभव सहायता दिलाई जाएगी तथा नुकसान का समुचित आकलन कर शीघ्र राहत पहुंचाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। यह दौरा मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक रहा, जहां जनप्रतिनिधि ने इंसानियत और अपनी जिम्मेदारी दोनों का परिचय दिया।

इस भीषण हादसे ने जहां कई परिवारों को गहरे दुख में डाल दिया है, वहीं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तत्परता से अब लोगों को राहत एवं पुनर्वास की उम्मीद जगी है। सभी की निगाहें शीघ्र मिलने वाली सहायता पर टिकी हैं, ताकि उजड़े घरों में फिर से खुशियों की रोशनी लौट सके।

### मजदूर दिवस के कार्यक्रमों को लेकर संघ समिति की बैठक का आयोजन कल

**इटारसी।** बड़ा तुलसी चौक चौराहा मजदूर संघ समिति, इटारसी की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 5 अप्रैल 2026, रविवार को आयोजित की गई है। यह बैठक शाम 5:00 बजे संघ के कार्यालय में संपन्न होगी। समिति के सचिव तुलसीराम कुशवाहा ने बताया कि आगामी 'मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना और रूपरेखा तैयार करने के लिए यह चर्चा रखी गई है। बैठक में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन और अन्य संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## संविधान लीडरशिप प्रोग्राम का उद्देश्य युवाओं को संविधान की मूलभावना से जोड़ना है: अंसारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शुक्रवार को इटारसी नगर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर के युवाओं, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट, लोकल मीडिया, पत्रकारों, टीवी इन्फ्लुएंसर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स को एक साझा मंच प्रदान करना है, जिससे वे संविधान के मूल्यों को समझते हुए लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बना सकें। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, जिला युवा कांग्रेस महासचिव मोहम्मद कादिर, विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस गौतम मैना, पूर्व जिला महासचिव सागर सेन तथा सेरखाल एवं विक्की तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निशा ठाकुर का खेलों इंडिया में हुआ चयन

**पिपरिया।** नगर की बेटी गौरव कु



निशा ठाकुर का चयन खेलों इंडिया टराईवल गेम्स 2026 में एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा परिसर धर्मपुरा जगदलपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता 25 मार्च से 3अप्रेल तक आयोजित किया गया। अनुसूचित जाति वर्ग की महिला खिलाड़ी ने भाग लिया गया। निशा ठाकुर का 19 मार्च को भोपाल में आयोजित उत्क्रष्ट प्रदर्शन में चयनित किया गया था। हमेशा आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय के परिसर में अभ्यास करते हुए यह स्थान प्राप्त किया गया है। इस दौरान प्राचार्य संजीव दुबे, प्रीतमसिंह ठाकुर सहित अन्य सभी पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने बधाई आशीर्वाद शुभकामनाएं दी।

## सांदीपनि विद्यालय के प्रवेशोत्सव में शामिल हुए कई जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



क्षेत्र के एक मात्र सांदीपनि विद्यालय एवं आएन ए उत्क्रष्ट विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी सदस्य अरविंद राय सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने शामिल होकर पूजा अर्चना करने के बाद। बच्चे नवीन प्रवेश लेने वाले तथा सभी छात्रों को प्रवेश दिया गया। सभी के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित प्राचार्य संजीव दुबे सहित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी वी आर सी प्रदीप शर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय को सजाया गया। सभी को तिलक लगाकर कर प्रवेश दिया गया। सेल्फी पोज भी लिए गए। विधायक ने भी सेल्फी पोज लिए। सभी को शुभकामनाएं बधाई दी तथा शिक्षा को लेकर प्रेरणा दी गई। संचालक पी एन दुबे ने किया आभार व्यक्त प्राचार्य संजीव दुबे ने किया।

### माखननगर में शासकीय नाले का प्राकृतिक बहाव बदलने की नागरिकों ने की शिकायत

**माखन नगर।** ग्राम रेफुरा के सरकारी नाले का प्राकृतिक बहाव जेसीबी मशीन से खुदाई करके दूसरी दिशा में किया जा रहा है ग्राम के किसान राजकुमार मीणा ने तहसीलदार से नाले की खुदाई पर तुरंत रोक लगाने की लिखित शिकायत की है। राजकुमार मीणा ने आवेदन में लिखा है ग्राम में शासकीय नाला है जिसका ग्राम के बेनी प्रसाद मीणा द्वारा बहाव की दिशा बगैर किसी सक्षम अनुमति के बदली जा रही है बहाव की दिशा बदलने से मेरे खेत में पानी भरा रहेगा जिससे मेरी फसलों को नुकसान होगा नाले की खुदाई को रोका जाए और वैधानिक कार्रवाई की जाए तहसीलदार महेंद्र सिंह चौहान ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### 'स्कूल चलें हम' के अंतर्गत किया 'भविष्य से भेंट' आयोजन

# अधिकारियों ने दिए बच्चों के सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र शासन शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में 'स्कूल चलें हम' अभियान अंतर्गत 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गत दिवस शासकीय प्राथमिक शाला बोदी में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया है।

स्कूल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े एवं सहायक संचालक राकेश उईके की विशेष उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। जिसमें अधिकारियों ने सभी स्कली बच्चों से बातचीत की तथा उनके बारे में जानकारी ली। इस 'भविष्य भेंट कार्यक्रम' में बोदी के शासकीय स्कूल में दर्ज 34 छात्र छात्राओं को अधिकारियों ने पेन, पेंसिल, रबर, कटर व अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया। छात्रों से चर्चा के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से पूछा कि वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद क्या बनना चाहेंगे। साथ ही पूछा कि पढ़ाई कब-कब करते हैं, मध्यान्ह भोजन कैसा मिलता है, घर पर कितने घंटे पढ़ाई करते हैं। बच्चों ने भी दोनों अधिकारियों को जवाब दिये। इस दौरान जनशिक्षक जितेंद्र बैरागी, शाला प्रभारी रेवक सिंह रघुवंशी, सीमा सिंह चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामवती कुशवाहा व लता मौर्य सहित शाला के बच्चे उपस्थित थे।

#### कैसे बनेंगे डॉक्टर और सैनिक

जनशिक्षक जितेंद्र बैरागी ने कहा कि बच्चों ने भी अधिकारियों से सवाल किये। बच्चों ने पूछा कि तहसीलदार व सहायक संचालक बनने के लिए क्या पढ़ाई करनी पड़ती है एवं किस तरह अध्ययन करना होगा। अधिकतर बच्चों ने अधिकारियों से सवाल किया कि वे डॉक्टर और भारतीय सेना में सैनिक बनना चाहते हैं। इसके लिए कब तथा किस तरह पढ़ाई करनी होगी। तहसीलदार झरबड़े तथा सहायक संचालक राकेश उईके ने पर्याप्त समय लेते हुए बच्चों के सवालों के जवाब दिये। ताकि अभियान की सफलता के लिए बच्चे सब कुछ सीख सकें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**देवास।** पुलिस ने लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटी गई पूरी रकम, घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जनता के सहयोग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से की। यह घटना 31 मार्च 2026 की रात की है। फरियादी, जो एक बर्फ गोला विक्रेता है, ग्राम पामारोडी से बाजार कर लौट रहा था। ग्राम बाईजगवाड़ा बिजली ग्रिड के पास एक अज्ञात पल्सर सवार आरोपी ने चाकू की नोक पर उसे रोककर उसका पर्स लूट लिया। फरियादी की शिकायत पर थाना सतवास में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन और एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक विक्रांत झाझोट के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इन फुटेज को डिजिटल पुलिस मित्र व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा किया गया। आम नागरिकों की सजगता और सहयोग से संदेही की पहचान निलेश पंवार के रूप में हुई, जो ग्राम टांडी भंडारिया का निवासी है। तकनीकी साक्ष्य और जनता से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय आरोपी निलेश पंवार, निवासी टांडी भंडारिया को गिरफ्तार कर लिया।

### इ जीरो एफआईआर: पुलिस ने 1500 किमी दूर झारखंड गैंग का किया पर्दाफाश

# 4.75 लाख की साइबर ठगी में 4 लाख किए बरामद, 4 आरोपी भी गिरफ्तार

### ऑपरेशन साइबर में 2.50 करोड़ से ज्यादा राशि होल्ड, 2500 मोबाइल नंबर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए लागू की गई इ जीरो एफआईआर प्रणाली अब असर दिखाने लगी है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में देवास पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 किलोमीटर दूर झारखंड के गिरिडीह जिले में सक्रिय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है।

#### 4.75 लाख की ठगी, 4.01 लाख बरामद

मामला 3 जनवरी 2026 का है, जब नाहर दरवाजा क्षेत्र निवासी युवक के साथ 4.75 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। व्हाट्सएप पर "RTO Chalan.apk" नाम की फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से रकम निकल गई। शिकायत मिलते ही e-FIR दर्ज कर पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बैंक खातों को फ्रीज करवाया और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई। कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.01 लाख रुपये और 4 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

#### 1500 किमी दूर झारखंड से गिरफ्तारी

जांच में सामने आया कि आरोपी गिरिडीह (झारखंड) के संगठित गिरोह से जुड़े हैं। देवास पुलिस ने टीम भेजकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### ऑपरेशन साइबर" का असर

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन साइबर" के तहत अब तक 2.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी राशि होल्ड करवाई गई है, जबकि 2.43 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए जा चुके हैं।

#### 2500 मोबाइल नंबर ब्लॉक

साइबर ठगी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने अब तक 2500 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करवाया है, जिससे ठगों के नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ा है।

#### e-Zero FIR से मिल रही त्वरित राहत

इस नई प्रणाली के तहत 1 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की शिकायत 1930 हेल्पलाइन या पोर्टल पर दर्ज होते ही स्वतः e-FIR दर्ज हो जाती है। इससे शुरुआती "गोल्डन ऑवर" में कार्रवाई कर राशि फ्रीज करना आसान हो गया है और पीड़ितों को जल्द राहत मिल रही है।

#### पुलिस टीम की अहम भूमिका

कार्रवाई में नाहर दरवाजा थाना और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई से आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नाहर दरवाज निरीक्षक अमित सोलंकी,उनि जगदीश चौहान,प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी,धर्मराज सिंह,यशवंत तोमर,आर नवदीप महाजन एवं प्रभारी सायबर सेल प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, प्रआर सचिन चौहान, मप्रआर गीतिका कानूनगो,मआर आरती सिंह,मआर नैना खान,निशा पाटोरिया,आर मोनू राणावत, राहुल बडोले का विशेष योगदान रहा।

# किसानों ने समर्थन मूल्य मुआवजा और नरवाई मुद्दे पर जताई नाराजगी

### 6 अप्रैल को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरकार की नीतियों से नाराज किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई हाटपिपल्या के बैनर तले किसानों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।किसानों का आरोप है कि मंडियों में फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं और समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भी देरी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि गेहूं, चना और सरसों की खरीदी बिना लिमिट के तुरंत शुरू की जाए तथा गेहूं को 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाए।ज्ञापन में सहकारी संस्थाओं की ड्यू डेट 15 जून तक करने, ऋण प्रक्रिया सरल बनाने और ब्याज राहत देने की मांग भी रखी गई। वहीं नरवाई जलाने पर कार्रवाई को अनुचित बताते हुए किसानों ने इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही।किसानों ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के मुआवजे और बीमा क्लेम में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 6 अप्रैल को बड़ा उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान नारायण यादव, देवकरण पाटीदार, चंपालाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने किया निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान



**देवास।** रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान किया। नगर पालिक निगम ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम द्वारा की गई रिकॉर्ड वसूली से ठेकेदारों एवं एसोसिएशन में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि शहर के विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों के भुगतान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल द्वारा समय पर किए जाने से सभी में संतोष और उत्साह देखा जा रहा है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में ठेकेदारों ने आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतीक शास्त्री, हकीम पटेल, वकार भाई, ठेकेदार संजीत बंजारे, नयन गोयल, आरिफ शेख सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयुक्त दलीप कुमार ने इस दौरान आश्वासन दिया कि आगामी समय में भी ठेकेदारों के भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रखी जाएगी, जिससे शहर के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



हनुमान जयंती के अवसर पर नगर सहित आसपास के गांवों में सभी हनुमानजी के मंदिरों पर विभिन्न प्रकार के आयोजन आयोजित हुए। चापड़ा नगर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नेमावर रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जहां पर पंडित यज्ञाचार्य माधव शास्त्री ,दीपक त्रिवेदी,पवन उपाध्याय, विजय कुमार त्रिवेदी व्दारा तीन दिवसीय यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ में 10 यजमानों व्दारा नगर कि सुख-शांति की कामनाओं को लेकर आहुति डाली गई। इस दौरान मंदिर को लाईटींग व फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। गुरुवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमानजी का जलाभिषेक कर आकर्षक श्रंगार किया गया एवं पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का सम्पन्न हुआ। धारु सिंग पाटीदार, दिनेश पाटीदार कि ओर से 56 भोग हनुमानजी को लगाया गया। इसके पश्चात सभी नगर वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। महाआरती की बोली जितेंद्र प्रजापत ने 9151 रुपये में लेकर आरती का लाभ लिया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सुबह पूर्ण आहुति से पहले नगर में चल समारोह निकाला गया। इस दौरान नगर के सभी नागरिकों का सहयोग रहा है। समापन अवसर पर मंदिर समिति व्दारा यज्ञाचार्यो का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर पलट भेरू के दरबार में हवन, पूजन महाप्रसादी का हुआ आयोजन



**भौरासा।** नगर के बस स्टैंड पर स्थित पलट भैरू महाराज के दरबार मे गुरुवार को हवन पूजन के साथ भव्य आरती का आयोजन हुआ जिसे पंडित विवेक शर्मा के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कराया गया। यहां पर बस स्टैंड पर लोगों के जन सहयोग से बाबा पलट भेरू महाराज के मंदिर का लोगों द्वारा निर्माण करवाया गया। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर लोगों के द्वारा हवन पूजन व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिले में जल जीवन मिशन की 332 में से 315 नलजल योजनाएं पूर्ण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम की समीक्षा बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन सहित विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त होती हैं तो उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा जहां पानी की उपलब्धता नहीं है, वहां ट्यूबवेल खनन को नदी-तालाब के आसपास प्राथमिकता दी जाए, ताकि पानी निकलने की संभावना अधिक हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 332 नल जल योजनाओं में से 315 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 17 योजनाओं को आगामी 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण कार्यों को समय पर हैंडओवर किया जाए तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना की समीक्षा में बताया गया कि पेयजल शिकायतों के निराकरण हेतु खंड एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल का स्थापित किए गए है, जिसमें अब तक प्राप्त 156 शिकायतों में से 124 का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने पेयजल आपूर्ति में आ रहे अनावश्यक व्यवधान और इस संबंध सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण न होने तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पेयजल आपूर्ति संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करने पर भैरूंदा जनपद सीईओ श्री संजय अग्रवाल को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है और इस स्थिति में यदि अधिकारी कार्यों को गंभीरता से नहीं लेंगे एक दूसरे पर टालेंगे तो नागरिकों को परेशानी होगी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के मंदिरों में हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई वही छोटा हनुमान चौक पंचमुखी हनुमान मंदिर, गढ़ी मंदिर पर बाबा खेड़ापति गढी वाले सरकार, भौरासा फाटे रोड पर स्थित श्री बालाजी सरकार, खेडी पर स्थित श्री खेड़ा पति सरकार, कुमावत मोहल्ले में स्थित श्री खेड़ापति सरकार, पंडक पाल रोड पर स्थित श्री पंढकपुरी सरकार सहित खेड़े पर स्थित श्री खेड़ा पति सरकार व भलाई खुर्द मे स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर मे दिन भर कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बड़े हनुमान चौक में स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर विशेष विद्युत सज्जा, विशेष श्रृंगार, भव्य आरती सहित सुंदरकांड विशेष प्रसादी वितरण किया गया। वही गड़ी मंदिर पर स्थित बाबा श्री खेड़ापति का विशेष श्रृंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। छोटे हनुमान चौक में मंदिर को पुष्प मालाओं से सजाया गया। भव्य भंडारे का आयोजन हनुमान सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि छोटे हनुमान चौक मे स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पंचमुखी हनुमान की महाआरती के साथ भंडारा प्रारंभ हुआ।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# जल स्त्रोतों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बुधवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने ग्रीष्म ऋतु के चलते पेयजल की समस्या से ग्रसित ग्रामों के निराकरण के लिए एमपीईबी को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में विद्युत की कटौती न करें। जिससे ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु में पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पेयजल स्त्रोतों का तुरंत अधिग्रहण किया जाएं ताकि उनपर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो पाए और नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि जिले में बंद नल कूपों की जांच करें एवं शीघ्र दुरूस्त किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पीने के पानी का उपयोग अन्य जरूरी उपयोगों में न किया जाएं। इसके लिए वैकल्पिक जल स्त्रोतों के पानी का उपयोग किया जाएं। उन्होंने कहा कि नेमावर वाटर सप्लाई के लिए निर्माणाधीन पानी की टंकी कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएं ताकि नागरिकों शीघ्र की उपलब्धता हो सकें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" का शुभारंभ 19 मार्च से हो गया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। अभियान अंतर्गत पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के साथ-साथ, रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य किए जाएं। जल स्त्रोतों के संवर्धन एवं जीर्णोद्धार की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी पोर्टल भी समय सीमा में अपलोड करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए ब्लू स्टार वाटर अवॉर्ड सर्टिफाइट बने। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में सभी जल स्त्रोतों, तालाबों से अतिक्रमण मुक्त कराएं। इसके लिए शीघ्र कार्य प्रारंभ कर दें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि 01 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार समस्याएं नहीं आएं इसके लिए तैयारी प्रारंभ कर दें। निर्माणाधीन स्कूल भवनों को शीघ्र तैयार कर उनमें कक्षाएं लगाना प्रारंभ करें। उन्होंने स्कूल के रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी कामों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित छात्रावासों को सुव्यस्थित किया जाएं, वहां पर साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाएं जो भी तैयारियों हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान यदि कमी पाई गई तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण हो गया है, बच्चों को शिफ्ट कराकर पढ़ाई वहां प्रारंभ करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए जिले में उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए तथा किसानों के लिए पेयजल, छाया, टोल कांटा, बारदान सहित अन्य तैयारियों पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि यदि नाम में भिन्नता आती है तो उन किसानों का पुनः पंजीयन कराया जाएं। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अप्रैल से नवीन वित्तीय वर्ष का प्रारंभ हो गया है। सभी विभाग अपने विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्य योजना बना लें एवं विभागीय लक्ष्यों के अलावा भी नवाचार करते हुए जिले के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करें। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में पौधारोपण करने के लिए तैयारियों अभी से कर लें। इसके लिए सभी विभाग कार्य योजना बना लें।

# नरवाई जलाने पर किसानों पर कमलापुर थाने पर हुआ अपराध दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के आदेशों का उल्लंघन कर खेत में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने वाले तीन किसानों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को पुलिस को डायल 112 एवं ग्रामीणों से कमलापुर कस्बे के पास खेतों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। वहाँ देखा गया कि गेहूँ की कटाई के बाद बचे हुए नरवाई और फसल अवशेषों (नरवाई) में बिना किसी सुरक्षा उपाय के आग लगाई गई थी। आग से उठने वाली चिंगारियों के कारण आस-पास के खेतों और संपत्तियों में बड़ी आग लगने की गंभीर संभावना निर्मित हो गई थी। साथ ही भारी मात्रा में धुआँ उत्पन्न होने से गंभीर पर्यावरण प्रदूषण भी हो रहा था। जाँच में पाया गया कि यह आग खेत पर फसल लेने वाले व्यक्ति शहाबुद्दीन पिता शेख गब्बर निवासी कमलापुर द्वारा लगाई गई थी। आदेश के उल्लंघन को ध्यान में रखते हुए, आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त सराहनीय कार्य में सर्जनसिंह मीना थाना प्रभारी थाना कमलापुर, प्र.आर सत्यप्रकाश मिश्रा, प्र. आर.योगेश यादव, प्र. आर. सचिन कश्यप थाना कमलापुर की भूमिका रही।